राजस्थान में अनुसूचित जाति के लोग

२३६२. { **श्री ओंकार लाल बेरवा :**
श्री कछवाय :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार राजस्थान के अनुसूचित जाति के लोगों की दशा की जांच कराने के लिए कुछ उच्च अधिकारियों को भेजने का विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो ऐसे अधिकारियों को क्या कार्य सौंपे जायेंगे ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्रीमती चन्द्रशेखर) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

शस्त्रास्त्रों का निर्माण

२३६३. { **श्री प० ला० बारूपाल :**
श्री सुबोध हंसदा :
श्री कछवाय :
श्री नी० रं० लास्कर :
श्री वाडीवा :
श्री बाबूनाथ सिंह :
श्री राम सेवक :
श्री प० चं० बर्मन :
श्री बलजीत सिंह :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ऐसे कितने राज्य हैं, जिनमे १९५६ के बाद आयुध कारखानों के अतिरिक्त शस्त्रास्त्र बनाने के लिए लाइसेंस दिये गये हैं ;

(ख) प्रत्येक राज्य मे ऐसे कितने कारखाने हैं और उनमे किस प्रकार के शस्त्रास्त्र बनाये जा रहे हैं; और

(ग) क्या सरकार छोटे शस्त्रास्त्रों की कमी को देखते हुए कोई नया कारखाना स्थापित करने का विचार कर रही है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जयसुखलाल हाथी) : (क) से (ग) सूचना सम्बन्धित अधिकारियों से मांगी जा रही है, तथा प्राप्त होने पर सभा पटल पर रख दी जायेगी।

राजस्थान में कास्टिक सोडा और प्लास्टिक के कारखाने

२३६४. **श्री ओंकार लाल बेरवा :** क्या पेट्रोलियम तथा रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजस्थान मे कास्टिक सोडा और प्लास्टिक के कारखाने खोलने पर विचार किया जा रहा है ;

(ख) यदि हां तो वे कहां कहां खोले जायेंगे और इसमें कितना समय लगेगा; और

(ग) उन पर अनुमानतः कितना धन व्यय होगा ?

पट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अलगेशन) : (क) कोटा, राजस्थान में निजी क्षेत्र में मैसर्ज राजस्थान वाइनिल क्लोराइड एण्ड केमीकल एण्डस्ट्रीज लि० के एक कास्टिक सोडा, पौली-वाइनिल क्लोराइड और कैल्सियम कार्बाइड यूनिट ने १९६४ के आरम्भ में उत्पादन शुरू कर दिया है। उसी राज्य (अर्थात् राजस्थान) में अन्य कोई कास्टिक सोडा और प्लास्टिक के कारखाने को लगाने का कोई नया प्रस्ताव नहीं है।

(ख) तथा (ग) प्रश्न नहीं उठता।